POSTAL REG. NO. DL(ND)-11/6017/2014-15-16

जैम, चुइंगम की मिठास पड़ रही सेहत पर भारी

कृत्रिम स्वीटनर से दिल के दौरे और ब्रेन स्ट्रोक का बढ़ा खतरा

सेहत



17,710
लोगों के खून में जाइलिटोल के स्तर को मापा गया

■ यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी के अध्ययन में खुलासा

म्यूनिख, एजेंसी। एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जैम, चुइंगम, यूगर्ट और टूथपेस्ट जैसे रोजमर्रा के उत्पादों में कृत्रिम मिठास का अधिक इस्तेमाल हो रहा है, जो दिल के दौरे, ब्रेन स्ट्रोक और समय से पहले मौत के खतरे को बढ़ा देता है।

म्यूनिख में यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी (ईएससी) के शोधकर्ताओं ने यह रिपोर्ट जारी की है। वैज्ञानिकों ने 17,710 लोगों के स्वास्थ्य और उनके खून में जाइलिटोल के स्तर का गहरा अध्ययन किया। इसमें पाया कि शुरुआती छह साल में जिन लोगों के खून में जाइलिटोल का स्तर सबसे ज्यादा शीर्ष 25 फीसदी था, उनमें सबके कम स्तर वाले लोगों की तुलना में हार्ट अटैक, स्ट्रोक या मौत की संभावना 57 फीसदी अधिक देखी गई।

रिपोर्ट में यह भी मिला कि खून में कृत्रिम स्वीटनर का असर 30 साल बाद भी रहता है। वहीं हाई जाइलिटोल वाले लोगों में इन दिल की बीमारियों का खतरा 18 फीसदी अधिक बना रहा। शोध के अनुसार, खून में जाइलिटोल की मात्रा जितनी अधिक होगी, दिल से जुड़ी बीमारियों का जोखिम उतना ही ज्यादा बढ़ता जाएगा, चाहे व्यक्ति की उम्र, जेंडर, या मोटापा कुछ भी हो।

खून के थक्के जमाता है स्वीटनर : बर्लिन के चैरिटी यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के मुख्य शोधकर्ता डॉ. मार्को विटकोव्स्की ने इस घटना के पीछे मुख्य वजह बताई। उन्होंने कहा, पिछले अध्ययनों में हमने देखा था कि जाइलिटोल प्लेटलेट्स की खून के थक्के जमाने की क्षमता को बढ़ा देता है। उनके मुताबिक, जब खून में थक्के बनते हैं, तो वे दिल और दिमाग की नसों को ब्लॉक कर देते हैं, जिससे अचानक हार्ट अटैक या स्ट्रोक आ जाता है। लोग चीनी के स्वस्थ विकल्प के रूप में इन कृत्रिम मीठा को सुरक्षित मानकर खाते हैं, लेकिन इसके सुरक्षित होने के दावों के बारे में कम जानते हैं।

भारत में बदल रही जीवनशैली

भारत में बदलती जीवनशैली के कारण शोध के मायने गंभीर हैं। यहां डायबिटीज और मोटापे के बढ़ते मामलों के कारण डाइट सोडा, शुगर-फ्री चुइंगम और लो-कैलोरी फूड्स का चलन मेट्रो शहरों में बहुत तेजी से बढ़ा है। लोग बिना यह जाने कि इनमें 'जाइलिटोल' है, इनका अंधाधुंध सेवन कर रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी देशों की तुलना में भारतीयों की कोरोनरी धमनियां पतली होती हैं, जिससे भारतीयों में जेनेटिक रूप से हार्ट अटैक का खतरा पहले ही ज्यादा होता है।

क्या है जाइलिटोल

यह एक शुगर अल्कोहल है, जो कुछ प्राकृतिक खाद्य पदार्थों में बेहद कम मात्रा में पाया जाता है। बाजार में मिलने वाले डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों, सॉफ्ट ड्रिंक्स और ओरल केयर प्रोडक्ट्स को मीठा करने के लिए प्राकृतिक मात्रा से 1,000 गुना अधिक जाइलिटोल ऊपर से मिलाया जाता है। सेहत पर इसके लंबे समय के नुकसानों का पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर अध्ययन नहीं हुआ था।

इन पर नजर रखें

- पैकेट वाले फूड्स खरीदते समय उसके पीछे लिखे सामग्री में ज़ाइलिटोल, सॉर्बिटोल या एरिथ्रिटोल जैसे शुगर अल्कोहल को जरूर चेक करें।
- डिब्बाबंद और प्रोसेस्ड चीजों की जगह प्राकृतिक रूप से मीठी चीजें जैसे ताजे फल खाएं
- यदि मीठे की बहुत तलब हो, तो सीमित मात्रा में गुड़ या शहद जैसे पारंपरिक विकल्पों को प्राथमिकता दें

आज ही के दिन..1984

नासा ने पहली बार अंतरिक्ष में भेजा डिस्कवरी शटल

30 अगस्त, 1984 का दिन नासा और अंतरिक्ष इतिहास के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है। इसी दिन अमेरिका के स्पेस शटल 'डिस्कवरी' की पहली उड़ान हुई, जिसने भविष्य के बड़े अंतरिक्ष मिशनों को आसान बना दिया। डिस्कवरी ने अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में कई बड़े रिकॉर्ड बनाए।

- फ्लोरिडा से डिस्कवरी में छह अंतरिक्ष यात्रियों ने उड़ान भरी थी। मिशन की कमान कमांडर हेनरी हार्ट्सफील्ड के हाथों में थी।
- यह मिशन 6 दिन, 5 घंटे और 56 मिनट तक चला। पृथ्वी के 97 चक्कर लगाने के बाद 5 सितंबर, 1984 को डिस्कवरी कैलिफोर्निया के एडवर्ड्स एयर फोर्स बेस पर सुरक्षित लैंड हुआ।
- डिस्कवरी ने अपनी पहली उड़ान में तीन कमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।
- मिशन में बड़े विंग जैसे दिखने वाले सोलर पैनल का परीक्षण किया गया। यह टेस्ट भविष्य में बनने वाले इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए बिजली बनाने की तकनीक का आधार बना।



- 24 अप्रैल, 1990 को डिस्कवरी ने ही हबल टेलीस्कोप को अपने पेलोड बे में रखकर अंतरिक्ष में लॉन्च किया था।
- डिस्कवरी ने 1984 से 2011 के बीच कुल 39 सफल मिशन पूरे किए। इस दौरान इसने अंतरिक्ष में लगभग 365 दिन बिताए।
- इसने पृथ्वी के 5,800 से ज्यादा चक्कर लगाए और करीब 23.8 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की।
- डिस्कवरी ने अपने पूरे करियर में 252 अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में पहुंचाया, जो किसी भी अन्य स्पेसक्राफ्ट के मुकाबले सबसे बड़ी संख्या है।



स्टीव जॉब्स का प्रोजेक्ट ₹28 लाख में नीलाम

वाशिंगटन, एजेंसी। एप्पल कंपनी के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स के स्कूल के दिनों का अनोखा साइंस प्रोजेक्ट करीब 28.8 लाख रुपये में नीलाम हुआ।

यह प्रोजेक्ट जॉब्स ने तब बनाया था, जब वे क्यूपर्टिनो जूनियर हाई स्कूल में 8वीं कक्षा के छात्र थे। इस दौरान जॉब्स का दिमाग इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्नोलॉजी की तरफ दौड़ने लगा था। उनके इस प्रोजेक्ट में तीन अलग-अलग पैनल और इस विषय पर हाथ से लिखी गई 10 पन्नों की रिपोर्ट शामिल है।

म्यूजियम से चार मिनट में चुरा लिया प्राचीन कंगन

विलेना, एजेंसी। स्पेन के ट्रेजर ऑफ विलेना म्यूजियम में चोरों ने मात्र चार मिनट में कांस्य युग का बेशकीमती खजाना उड़ा लिया। चोरी हुए सोने की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1.7 मिलियन यूरो आंकी जा रही है।

विलेना टाउन काउंसिल के प्रवक्ता के अनुसार, शुक्रवार सुबह 5:20 बजे विलेना म्यूजियम का सुरक्षा अलार्म अचानक बजने लगा। सुरक्षाकर्मी या पुलिस कुछ समझ पाती, उससे ठीक 4 मिनट पहले ही चोर पूरा खजाना समेटकर म्यूजियम की इमारत से रफूचक्कर हो चुके थे। जानकारी के अनुसार, चोरी हुआ खजाना करीब 1,000 ईसा पूर्व का था, जिसमें 29 सोने के कंगन, 11 कटोरे, 3 बोतलें और कई अन्य कलाकृतियां थीं।

पहले भी हो चुकी है चोरी

पिछले साल अक्तूबर में चोरों ने दिनदहाड़े दुनिया के इस सबसे मशहूर म्यूजियम में घुसकर मात्र 8 मिनट में 102 मिलियन डॉलर के जेवरात उड़ा लिए थे। इससे पहले इटली के सिसिली में एंटोनेलो दा मेसिना की बेहद मूल्यवान चार कलाकृतियां चोरी हो गईं थी।



उल्कापिंड से बनीं अंगूठियों का चलन

एथेंस, एजेंसी। हाल ही में जर्नल ऑफ आर्कियोलॉजिकल साइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार, ग्रीस के प्राचीन कांस्य युग के राजा अपनी उंगलियों में जो अंगूठियां पहनते थे, वे किसी खदान से नहीं निकली थीं, बल्कि आसमान से गिरे उल्कापिंडों से बनाई गई थीं।

यह खोज दर्शाती है कि जब दुनिया में इंसानों को लोहे को पिघलाकर धातु बनाना नहीं आता था, उससे सदियों पहले वे अंतरिक्ष से गिरे इस जादुई लोहे को अपनी शक्ति और ऊंचे सामाजिक पद का प्रतीक मानते थे। वैज्ञानिकों ने ग्रीस के 33 अलग-अलग पुरातात्विक स्थलों और 19 म्यूजियम्स में रखी कांस्य और प्रारंभिक लौह युग की 91 लोहे की वस्तुओं की जांच की।

वैज्ञानिकों का अनुमान, धातुओं को मिस्र से मंगाते थे

ग्रीस का मौसम ऐसा नहीं है, जहां उल्कापिंड लंबे समय तक सुरक्षित रह सकें। इसलिए अनुमान है कि ग्रीक राजाओं ने यह दुर्लभ स्पेस मेटल मिस्र से व्यापार के जरिए मंगाया होगा, क्योंकि मिस्र के राजा तूतनखामुन की प्रसिद्ध उल्कापिंडीय लोहे की खंजर भी मशहूर है। ईसा पूर्व 1200 में जब माइसेनियन राजशाही व्यवस्था का पतन हुआ, तो अंगूठियों का चलन भी गायब हो गया।





चीन में फुटबॉल के मैदान पर उतरे रोबोट

यह तस्वीर बीजिंग में चल रहे वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स की है। यहां दो हजार से ज्यादा रोबोट अलग-अलग खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं और नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। रोबोट के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ, जिसे देखने के लिए काफी संख्या में दर्शक पहुंचे।

लेड बिना ही बिजली बनाएगा सोलर सेल

प्रयागराज, हिब्यू। सौर ऊर्जा को और सुरक्षित और बेहतर बनाने की दिशा में मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिकों ने कामयाबी हासिल की है।

वैज्ञानिकों ने ऐसा सोलर सेल तैयार किया है, जिसमें लेड यानी सीसे का इस्तेमाल नहीं किया गया है। खास बात यह है कि एक विशेष तरीके से गर्म करने के बाद इस सोलर सेल की बिजली बनाने की क्षमता दोगुने से भी ज्यादा हो गई। इस लेड-फ्री सोलर सेल को भारत सरकार से पेटेंट भी मिल गया है।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण शाखा (गंगा)
उत्तराखण्ड जल संस्थान, जगजीतपुर, हरिद्वार-249408
Email- eegangaujs@gmail.com, Email- eeganga-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 988 / निविदा सूचना 2026-2027 दिनांक 27.08.2026

ई-निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबन्धक, महोदय उत्तराखण्ड जल संस्थान देहरादून की ओर से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता उत्तराखण्ड जल संस्थान, अनुरक्षण शाखा, (गंगा) जगजीतपुर हरिद्वार के अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणाओं के क्रम मे निम्नानुसार कार्यों हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान/ उत्तराखण्ड पेयजल निगम में सीवर लाइन सम्बन्धी कार्यों के अन्तर्गत निम्नलिखित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार/ फर्मों को ई-निविदा, टू-बिड सिस्टम के आधार पर ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं: -

क्र. सं.	कार्य विवरण	धरोहर धनराशि (लाख में)	कार्य की समाप्ति	बिड सिस्टम	निविदा मूल्य	पंजीकृत श्रेणी
01	जनपद हरिद्वार की हरिद्वार गंगा शाखा में मा० मुख्यमंत्री घोषणा सं० 352 / 2025 के अन्तर्गत मायापुर और ज्वालापुर में विभिन्न स्थानों पर सीवर लाईनों के प्रतिस्थापन के कार्य हेतु प्राक्कलन (नगरीय)	10,11,000.00	04 माह	टू-बिड	5000.00+18% (जी.एस.टी.)	ए श्रेणी

Sl.No	Details of Tender Activity	Date Of Activity
1	Date of Tender	27.08.2026
2	Date of online Publication of tender Notice and tender document	01.09.2026
3	Online Document download: Start Date	01.09.2026
4	Online Document download: End Date	14.09.2026
5	Pre Bid Meeting	08.09.2026
6	Physical Submission of Bid Security, cost of bid Document and offline Submission of bid Documents :End Date	15.09.2026
7	Date of online Technical Bid Opening	16.09.2026
8	Date of online Financial Bid Opening	Date will be announced later on after Technical Bid opening.

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्तें उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी / प्राप्त की जा सकती हैं।

(अजय कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

तकनीक 30s

इंस्टा पर वीडियो क्लिप अपनेआप हटेगा

मेटा इंस्टाग्राम पर रील बनाने वालों के लिए नया फीचर ला रहा है। फर्स्ट ड्राफ्ट नाम का यह फीचर वीडियो क्लिप में मौजूद लंबे साइलेंस और अनावश्यक पॉज को अपने आप हटा सकेगा। इससे यूजर्स को वीडियो की शुरुआती एडिटिंग में कम समय लगेगा। फीचर का मकसद क्लिप को जल्दी साफ करना है, ताकि क्रिएटर्स बाकी समय वीडियो के कंटेंट और दूसरे क्रिएटिव फैसलों पर लगा सकें। यह खासतौर पर शॉर्ट वीडियो बनाने वालों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

ब्रेव ब्राउजर ने नया फीचर पेश किया

गूगल क्रोम के विकल्प के रूप में जाने जाने वाले ब्रेव ब्राउजर ने यूजर्स के लिए एक नया ईमेल एलियास फीचर पेश किया है। इस टूल का उद्देश्य यूजर्स की ऑनलाइन प्राइवेसी और डाटा सुरक्षा को मजबूत करना है। इस फीचर की मदद से किसी भी वेबसाइट या ऑनलाइन सर्विस पर साइन-अप करते समय अपनी असली ईमेल आईडी दिए बिना एक वैकल्पिक ईमेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पर आने वाले सभी मेल सीधे असली इनबॉक्स में फॉरवर्ड कर दिए जाएंगे।

ओपनएआई का चैटजीपीटी डेस्कटॉप ऐप लॉन्च

ओपनएआई ने ओएस इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए चैटजीपीटी डेस्कटॉप ऐप को लॉन्च किया है, जिसके प्रीव्यू वर्जन को रिलीज किया गया है। कंपनी के मुताबिक, ऐप के आने से अब यूजर्स लिनक्स पर काम करने वाले कंप्यूटर पर आसानी से चैटजीपीटी, जीपीटी वर्क और कोडएक्स का उपयोग कर पाएंगे। इस ऐप्लिकेशन को लिनक्स से पहले विंडोज और मैकओएस के लिए पेश किया गया था।

एप्पल पर बिना पैसे नए मॉडल का अपग्रेड

एप्पल अपने कुछ ग्राहकों के लिए मैक मिनी को लेकर बड़ा बदलाव करने जा रही है। कंपनी ने नए मॉडल की बिक्री शुरू करने से पहले पुराने ऑर्डर वाले कुछ खरीदारों के लिए यह फैसला लिया है। इससे उन ग्राहकों को फायदा मिल सकता है, जिन्होंने हाल ही में मैक मिनी खरीदा है। कंपनी पुराने ऑर्डर को नए मॉडल से जोड़ रही है। यह सुविधा उन ग्राहकों को मिल सकती है, जिन्होंने एम4 मैक मिनी का ऑर्डर दिया था, लेकिन उनका कंप्यूटर अभी तक भेजा नहीं गया है।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
.....भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, दक्षिण दिल्ली
4वां तल, 7 पी.एन.बी. हाऊस भीकाजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066 ईमेल: cs4168@pnb.bank.in

अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस,
आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

Sr. No.	शाखा का नाम: / खाते का नाम: / उधारकर्ता/गारंटर/खाते का नाम और पता:	बंधक रखी गई अचल संपत्ति का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्तियों का बंधककर्ता)	(A) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि / (B) मांग नोटिस के अनुसार राशि / (C) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि / (D) कब्जा की स्थिति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	(A) आरक्षित मूल्य / (B) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतीम तिथि) / (C) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण	प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं नं.
1.	**एआरएमबी: दक्षिण दिल्ली (पूर्व: शाखा: कनॉट सर्कस, नई दिल्ली)** **मैसर्स हिमाया अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड** प्लॉट नंबर 297, फेज VI, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा-122004 **मेसर्स हिमाया अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता)** एफ-77 एयूजीएफ, विश्वकर्मा कॉलोनी, साउथ दिल्ली-110044 **श्रीमती नेहा भारद्वाज पत्नी हिमांशु भारद्वाज** ए-333, प्रथम तल सेक्टर 55, सुशांत लोक ।।, नवकृति कॉम्प्लेक्स के पास गुरुग्राम-122008 **श्री अनुराग भारद्वाज पुत्र विनोद कुमार भारद्वाज (निदेशक)** ए-333, प्रथम तल सेक्टर 55, सुशांत लोक ।।, नवकृति कॉम्प्लेक्स के पास गुरुग्राम-122008 **इसके अलावा:** सी-758, द्वितीय तल, सुशांत लोक फेज-।, गुड़गांव, हरियाणा-122001 **श्री हिमांशु भारद्वाज पुत्र विनोद कुमार भारद्वाज (गारंटर)** संगत अपार्टमेंट सी-2 प्लॉट नं. 150 रॉयल अपार्टमेंट के सामने देवली, देवली नई दिल्ली -110082 **श्री हिमांशु भारद्वाज पुत्र विनोद कुमार भारद्वाज (गारंटर)** ए-333, प्रथम तल सेक्टर 55, सुशांत लोक ।।, नवकृति कॉम्प्लेक्स के पास गुरुग्राम-122008	**1. संपत्ति का संपूर्ण भाग ए-333 (प्रथम तल) सुशांत लोक फेज-।।, गांव घट्टा, तहसील वजीराबाद, जिला गुड़गांव में स्थित, जो श्रीमती नेहा भारद्वाज पत्नी हिमांशु भारद्वाज के नाम पर है जिसका क्षेत्रफल लगभग 123.35 वर्ग मीटर (अर्थात 1327.80 वर्ग फीट) है।** **बैंक सपत्ती आईडी : PUNB1H750325934** **अक्षांश : 28.426419** **देशांतर: 77.110909**	A) 04.01.2024 B) Rs. 488.14 लाख + अतिरिक्त ब्याज एवं खर्चे C) 15.04.2024 D) सांकेतिक	A) रु. 184.00 लाख B) रु. 18.40 लाख (17.09.2026) C) रु. 1,00,000/-	**18.09.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे**	संपत्ति बिक्री पर कोई रोक नहीं है	श्री ओम प्रकाश भालोटिया 9453035426
		2. संपत्ति का संपूर्ण भाग ए-300 (द्वितीय तल) सुशांत लोक फेज ।।, गांव घट्टा, तहसील वजीराबाद, जिला गुरुग्राम हरियाणा में स्थित, जो श्रीमती नेहा भारद्वाज पत्नी हिमांशु भारद्वाज के नाम पर है। जिसका क्षेत्रफल लगभग 246.81 वर्ग मीटर है। **बैंक सपत्ती आईडी : PUNB1H755036088** **अक्षांश : 28.425776** **देशांतर: 77.110648**	A) 04.01.2024 B) Rs. 488.14 लाख + अतिरिक्त ब्याज एवं खर्चे C) 15.04.2024 D) सांकेतिक	A) रु. 341.00 लाख B) रु. 34.10 लाख (17.09.2026) C) रु. 1,00,000/-			

ई-नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें : बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री "ई-नीलामी" पोर्टल **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (**https://baanknet.com**) ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई-400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220), द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** पर ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल **(1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in** पर उपलब्ध/प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रतिफल का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194-1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75: जमा करने/बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के सभी मामलों में जारी किया गया है, (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया **https://baanknet.com & www.pnbindia.in** देखें।

दिनांक : 29.08.2026, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित लेनदार

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
प्रकाशक समुद्र भट्टाचार्य द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड के पक्ष में 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित एवं **मुद्रक मनहर कपूर** द्वारा एच टी मीडिया लिमिटेड, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : **शशि शेखर** *प्रबंध संपादक :* ***प्रताप सोमवंशी****
दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270
आर.एन.आई. नं. DELHIN/2004/12618
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।